patrika.com
पत्रिका . भोपाल . मंगलवार. 28.11.2017

पैक्ड वाटर जब्त...

# नकली हॉलमार्क लगाकर बेच रहे पानी, फैक्ट्री सील

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** आईएसआई मार्का का दुरुपयोग कर पैकिंग वाला पानी बेचने वाली एक फैक्ट्री भोपाल में पकड़ में आई है, जिसे भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने सील कर दिया है। बीआईएस से मिली जानकारी के मुताबिक मेसर्स आइस राक फूड एंड बेवरेजेस पर छापा मारा गया। यहां पैक्ड वाटर की जांच करने पर पता चला कि संबंधित फैक्ट्री संचालकों द्वारा बिना वैद्य लाइसेंस के नकली आईएसआई मार्का लगाकर पानी की पैकिंग की जा रही है। जांच के बाद तैयार पानी जब्त कर फैक्ट्री को सील कर दिया है। विभाग का कहना है कि प्रदेश में 200 लाइसेंसी हैं, लेकिन पैकेज्ड वाटर बनाने वालों की संख्या इससे ज्यादा बताई जा रही है।

## इमरशन वाटर हीटर जब्त

मेसर्स रूप एजेंसी, इंदौर में बिना लाइसेंस के आईएसआई मार्क्ड इलेक्ट्रिक इमरशन वाटर हीटर एवं पीवीसी इन्सुलेटेड वायर एंड केबल्स बेचे जा रहे थे। भारतीय मानक ब्यूरो ने संबंधित प्रतिष्ठान पर छापामार कार्रवाई करते हुए 115 आईएसआई मार्क लगे इनरशन वाटर हीटर एवं 13 केवल के बडल जब्त किए हैं।

"मार्का का उल्लंघन करने पर पैकेज बंद पेयजल बनाने वाली फैक्ट्री मेसर्स आइस राक फूड एंड बेवरेजेस का माल जब्ती में लेकर कार्रवाई की जा रही है। इसे विभाग न्यायालय में ले जाएगा।

**प्रीति भटनागर,** वैज्ञानिक-ई एवं प्रमुख, बीआईएस

29/11

वैज्ञानिक ई प्रमुख बीआईएस

अ.अ (मा)

29/11/17